# University in News on 06 June 2020

## RASHTRIYA SAHARA Page 6

### लखनऊ विश्वविद्यालय के 7 कर्मचारी क्वारंटीन

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के प्रोफेसर सूचित स्वरूप के कोरोना संक्रमित की रिपोर्ट पॉजिटिव पाए जाने के बाद 5 जून को अब उनके विभाग के 7 कर्मचारियों को क्वारंटीन कर दिया गया है। गौरतलब है कि प्रोफेसर सूचित स्वरूप के पिता डॉ ज्ञान स्वरूप का निधन 2 दिन पूर्व ही हुआ था। जंतु विज्ञान विभाग के कनिष्ठ सहायक पवन कुमार, प्रयोगशाला सहायक सुनील कुमार, लैब बाबूलाल, मुन्ना, गौरव, सफाई कर्मी प्रेम और जीतेंद्र को क्वारंटीन करने की बात कही गई है। इन्हें 7 दिन के लिए क्वारंटीन किया है।

## HINDUSTAN Page 6

परीक्षा समिति की आज होने वाली बैठक में लगेगी मुहर, परीक्षाएं तीन पालियों में कराने पर विचार

### जुलाई में परीक्षाएं कराने की तैयारी

**लखनऊ विवि**

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाएं जुलाई के पहले या दूसरे सप्ताह में होंगी। सबकुछ ठीक रहा तो वार्षिक परीक्षाओं के साथ ही सेमेस्टर की कक्षाएं भी शुरू होंगी। 10 से 15 दिन कक्षाएं संचालित करने के बाद ही सेमेस्टर परीक्षाएं होंगी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि उनके स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है।

इस सम्बंध में शनिवार को परीक्षा समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। हालांकि कुलपति ने साफ किया है कि यह प्रस्तावित कार्यक्रम है और शासन के निर्देशों के अनुसार ही आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

बता दें कि लविवि की वार्षिक परीक्षाएं बीते 16 मार्च को शुरू हो गई



थीं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि इनकी कक्षाएं पहले ही पूरी हो चुकी हैं। ऐसे में सबकुछ ठीक रहा तो पहले इनकी ही परीक्षा कराई जाएंगी।

**परीक्षा पैटर्न में भी होगा बदलावः** लविवि द्वारा बनाई गई समिति ने सेमेस्टर परीक्षा में पहले ही बदलाव की सिफारिशें की हैं। इसमें स्वकेन्द्र व्यवस्था के साथ ही परास्नातक परीक्षाओं का मूल्यांकन सम्बंधित विभागों में कराने और स्नातक परीक्षाओं का मूल्यांकन विवि में व कुछ महाविद्यालयों में सम्पन्न कराए जाने का प्रस्ताव रखा गया है। प्रश्नपत्र में छात्रों को ज्यादा विकल्प देने की सिफारिश की गई है। परीक्षाएं तीन पालियों में कराने की बात समिति ने कही है। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने छात्रों के प्रदर्शन को बेहद बनाने के लिए शुक्रवार को तीन सदस्यीय समिति की गठन किया है। इस रिजल्ट काउंसलिंग कमेटी में शिक्षाशास्त्र विभाग की प्रो. अमिता बाजपेयी, भूगर्भ विभाग के प्रो. केके अग्रवाल और सांख्यिकी विभाग के डॉ. अशोक कुमार को जोड़ा गया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि यह समिति परीक्षा के परिणामों का मूल्यांकन करेगी। नतीजों के पीछे के कारणों का मूल्यांकन करके उन्हें और बेहतर बनाने के संबंध में सुझाव देगी।

#### बीएडःप्रवेश परीक्षा से होंगे दाखिले, मांगे विकल्प

लखनऊ। राजधानी समेत प्रदेश के सभी बीएड कॉलेजों में दाखिले प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को सभी अभ्यर्थियों से केन्द्रों का विकल्प मांगा है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2020 की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि वर्तमान में कोविड 19 की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सभी अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा के नवीन केन्द्रों का चयन करने का विकल्प दिया जा रहा है।

**16** नोडल सेंटर के स्थान पर प्रदेश भर में परीक्षा कराने की तैयारी

अभ्यर्थी को नवीन विकल्पों के चयन के लिए आवेदन पत्र को उसी रजिस्ट्रेशन संख्या से दोबारा लॉगिन करके दिए गए सभी केन्द्रों में से किन्हीं 3 को चुनना होगा। प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि यह विकल्प 8 जून से 14 जून मध्यरात्रि तक उपलब्ध रहेगा।

#### परीक्षा केंद्र प्रदेश के सभी जिलों में होंगे

लविवि ने बीएड प्रवेश परीक्षा के केन्द्रों की संख्या बढ़ाने का फैसला लिया है। प्रो. बाजपेयी ने बताया कि पहले यह परीक्षा 16 नोडल केन्द्रों पर कराई जा रही थी। अब प्रदेश के सभी जिलों में कराने की तैयारी की जा रही है। यदि अभ्यर्थी के दिए गए नवीन विकल्पों में से किसी शहर को परीक्षा केन्द्र बनाना संभव नहीं होगा तो उसके द्वारा मूल आवेदन पत्र में दिए गए विकल्पों में दिया जाएगा।

## TOI Page 2

### LU's zoology dept to be sanitized

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** The zoology department of the Lucknow University (LU) was partially closed for sanitisation and seven non-teaching staff were asked to home quarantined themselves after a teacher tested positive for Covid-19. This is the first case of Covid-19 in LU.

Head of the department Prof Sudhir Kumar said that the teacher was not coming since the lockdown began, but a class four staff member went to deliver him some letters on Thursday evening. Later, he added, the staff member came in contact with other non-teaching staff. Prof Kumar said those areas of the department where the class four staff and those with whom he came in contact worked or moved around have been sealed.

## AMAR UJALA MY CITY Page 1

### लविवि के सात कर्मचारी क्वारंटीन

लखनऊ। लविवि के जूलॉजी शिक्षक के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने पर शुक्रवार को सात कर्मचारियों को 7 दिन के लिए होम क्वारंटीन कर दिया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. सुधीर कुमार ने इसके लिए आदेश जारी कर दिया गया। इससे पहले शिक्षक के पॉजिटिव मिलने की खबर मिलते ही परिसर में अफरा-तफरी मच गई। जूलॉजी विभाग में कुछ दिन पहले ही सभी संकायाध्यक्षों और विभागाध्यक्षों की बैठक हुई थी। संक्रमित शिक्षक विभाग के अन्य शिक्षकों के संपर्क में रहा था। बैठक में अन्य विभागों के भी काफी शिक्षक शामिल हुए थे। ऐसे में उनके संक्रमित होने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। विवि के एक कर्मचारी और कुछ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शुक्रवार को भी पॉजिटिव मिले शिक्षक के यहां गए थे। ऐसे में अब वे भी दहशत में हैं। शिक्षक को पीजीआई रेफर किया गया है। लविवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने कहा कि कोरोना से बचने को प्रयास किए जा रहे हैं। जो लोग संक्रमित शिक्षक के संपर्क में आए, उन्हें क्वारंटीन की हिदायत दी गई है।

**वैठक में शामिल हुआ था संक्रमित मिला शिक्षक**

## AMRIT VICHAR Page 2

### लखनऊ विश्वविद्यालय में भी किया गया पौधरोपण

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई की तरफ से समाज कार्य विभाग के मुख्य एवं विस्तारित भवन में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रो गुरुनाम सिंह, विभागाध्यक्ष, समाज कार्य ने बताया कि कोरोना काल मे राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विविध जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई गयीं। पर्यावरण संरक्षण को भी इन योजनाओं में सम्मिलित किया गया।

## DAINIK JAGRAN Page 4



लखनऊ विश्वविद्यालय में पौधारोपण करते अधिकारी • जागरण